COPYRIGHT RESERVED XEV (S-II) – Hn (Comp)

100 Marks

2017

Time : 3 hours

Full Marks : 100

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

उपांत के अंक पूर्णांक के द्योतक हैं।

निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर दीजिए : 15×3=45

(क) 'यशोधरा' काव्य की नायिका का चरित्र-चित्रण करें।

(ख) 'यशोधरा' की वैष्णव-भावना पर प्रकाश डालें।

(ग) 'कुरुक्षेत्र' के भीष्म का चरित्र-चित्रण करें।

(घ) भीष्म-युधिष्ठिर संवाद का विवेचन करें।

PPULearn.com

(ङ) 'दक्षिण गंगा गोदावरी' अथवा 'सप्तसागर महादान' शीर्षक निबन्ध का सारांश लिखें।

(च) 'मुक्ति योद्धाओं के शिविर में' अथवा 'हल्दी-दूब और दधि-अच्छत' में व्यक्त लेखकीय विचारों का विवेचन करें।

2. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं तीन की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10×3=30

(क) अबला जीवन हाय तुम्हारी यही कहानी।
आँचल में है दुध और आँखों में पानी।

(ख) सिद्धि हेतु स्वामी गए यह गौरव की बात।
पर चोरी-चोरी गए यही बड़ा व्याघात।

(ग) सबसे बड़ा धर्म है नर का सदा प्रज्वलित रहना।
दाहक शक्ति समेट, स्पर्श भी नहीं किसी का सहना।

(घ) न्यायोचित अधिकार माँगने से न मिलें तो लड़ के,
तेजस्वी छीनते समय को जीत, या कि खुद मरके।

(ङ) प्राणी प्रारब्ध के साथ जन्म लेता है और उसका जीवन उसीके अनुसार होता है। किन्तु, मनुष्य प्रारब्ध का दास नहीं है।

PPULearn.com

(च) यज्ञमय जीवन कला की पराकाष्ठा है, सच्चा रस उसी में है क्योंकि उसमें से रस के नित्य नए झरने प्रकट होते हैं।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखें : 5×3=15

(क) व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई

(ख) युधिष्ठिर का चरित्र

(ग) राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी

(घ) राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर'

(ङ) यशोधरा-राहुल-संवाद

(च) मैथिली शरण गुप्त

4. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×10=10

(i) 'यज्ञ' शीर्षक निबन्ध के लेखक कौन हैं?

(ii) सिद्धार्थ के पिता का नाम बतलाएँ।

(iii) 'यशोधरा' किस प्रकार की साहित्यिक कृति है?

(iv) 'यशोधरा' अकिंचन की खिचड़ी है' यह किसका कथन है?

PPULearn.com

(v) सिद्धार्थ की माता का क्या नाम हैं?

(vi) 'कुरुक्षेत्र' के रचयिता का नाम लिखें।

(vii) 'हमारा सांस्कृतिक पतन' निबंन्ध के लेखक कौन हैं?

(viii) हिन्दी साहित्य के किस युग को 'गद्यकाल' कहा जाता है?

(ix) 'मूल्यों का उलटफेर' निबन्ध के लेखक का क्या नाम हैं?

(x) 'कुरुक्षेत्र' का मूल प्रतिपाद्य क्या है?

———— × ————

PPULearn.com